# मंडलायुक्त ने नगर निगम द्वारा बनाया जा रहा सिटी बस चार्जिंग स्टेशन का किया औचक निरीक्षण

**बाउंड्री बाल के चारों ओर छाया दार व्रक्ष लगाने के दिये निर्देश-मंडलायुक्त**

**शाहजहांपुर।** मंडलायुक्त आर रमेश कुमार द्वारा नगर निगम राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यो एवं सिटी बस चार्जिंग स्टेशन का औचक भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान मण्डलायुक्त द्वारा नगर क्षेत्र के मो०. बहादुरपुरा स्थित अपशिष्ट स्थानान्तरण स्टेशन का सर्वप्रथम भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान मण्डलायुक्त द्वारा अपशिष्ट स्थानान्तरण स्टेशन के बारे में जानकारी चाही गई, जिसमें नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि पूर्व में यह स्थल ब्लैक स्पॉट कुड़ा कचरा आच्छादित क्षेत्र था उक्त स्थल पर नगर निगम द्वारा ब्लैक स्पॉट को समाप्त करते हुये अपशिष्ट स्थानान्तरण स्टेशन का निर्माण कराया गया। मण्डलायुक्त द्वारा नगर निगम द्वारा कराये गये इस निर्माण से ब्लैक स्पॉट समाप्त होने के साथ-साथ ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन एवं पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कार्य बताया गया। इसके क्रम में मण्डलायुक्त द्वारा नगर क्षेत्र के बेरी चौकी स्थित गौतम बुद्व पार्क का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि नगर निगम द्वारा बेरी चौकी तिराहे पर स्थित गौतम बुद्व पार्क का जीर्णोद्वारा कराया गया है। साथ ही मार्ग के तिराहे पर पुलिस चौकी बाउन्ड्रीवॉल को पीटे करते हुये यहां पर रखें ट्रान्सफार्मर को दो स्थलों पर शिफ्ट कराया गया, जिसके दो तरफ यातायात व्यवस्था सुचारु रुप से चलने योग्य बन सकें। इसी के साथ बताया गया कि गौतम बुद्ध पार्क का आकर्षण सौन्द्रयीकरण किया गया है। मण्डलायुक्त महोदय द्वारा नगर के सौन्द्रयीकरण एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ का एक अच्छा प्रयास बताते हुये कराये गये कार्य की सराहना की गई। मण्डलायुक्त द्वारा नगर क्षेत्र के न्यू सिटी ककरा से जैव विविधता पार्क तक बनी सड़क के दोनों तरफ लगायें गये पौधों के बारें में जानकारी प्राप्त की गई। जिसमें निरीक्षण के समय उपस्थित नगर आयुक्त संतोष कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि न्यू सिटी ककरा के नये रोड से शहीद पार्क जैव विविधता पार्क तक बनी निर्मित सड़क के दोनों ओर 1000 पौधें लगाये गये है। जिसमें मण्डलायुक्त महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि इन पेड़ों की सुरक्षा हेतु आवश्यक प्रबन्ध किये जायें। इसी क्रम में मण्डलायुक्त महोदय द्वारा नगर क्षेत्र में बनी डेयरी वेस्ट प्रबन्धन का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान नगर आयुक्त महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि नगर निगम क्षेत्र में लगभग 250 डेयरियाँ हैं जिनके गोबर के प्रबंधन के लिये डेयरी वेस्ट मैनेजमेंट का निर्माण कराया गया है, साथ ही बताया कि इससे स्वच्छता अभियान को भी बल मिलेगा और नगर निगम गोबर के प्रबंध के साथ एक मॉडल बन जायेगा। मण्डलायुक्त

द्वारा नगर निगम की प्रेरणा द्वारा कराया गया यह प्रयास सराहनीय बताया गया। इसके अतिरिक्त ई.चार्जिंग बस स्टेषन का भ्रमण किया गयाए जिसमें विद्युत के पोल लगाये जाने का कार्य होता हुआ पाया गया व नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि ई.बस चार्जिंग स्टेशन में समस्त अन्तरिम कार्य समाप्त कर दिया गया भ्रमण के समय मण्डलायुक्त द्वारा ई.बस चार्जिंग स्टेषन की बाउन्ड्रीबॉल के चारों ओर छायादार एवं फलदार वृक्ष लगवाये जाने हेतु संबन्धित को निर्देषित किया गया।